**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to set up a college for the firls belonging to minority community along with implementation of MSDP Scheme for the welfare of minorities in Mumbai North Parliamentary Constituency of Maharashtra.

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** अध्यक्षा जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा विषय छोटा-सा है। मैं पूरा पढ़ लूंगा।

अध्यक्षा जी, केन्द्र की जो योजनाएं चलती हैं, पूरे देश भर में, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, उन पर अमल नहीं किया जाता है। चाहे केन्द्र के अधिकारी हों, चाहे राज्य के अधिकारी हों, उन्हें ऐसा लगता है कि शहर में सब श्रीमंत लोग ही रहते हैं। मुम्बई जैसे शहर में 60 प्रतिशत लोग झोपड़-पट्टी में भी रहते हैं। इसलिए केन्द्र की सभी योजनाओं का लाभ मुम्बई शहर के और देश के सभी शहरों के लोगों को मिलना चाहिए।

अध्यक्षा जी, केन्द्र सरकार की जो एम.एस.डी.पी. स्कीम है, यह स्कीम महाराष्ट्र के सिर्फ चार जिलों और उन 50 कस्बों में ही लागू है। इससे भी मुम्बई शहर को वंचित रखा गया है। हमारे नक़वी जी, जो माइनॉरिटीज़ के लिए काम करते हैं, इन्होंने पूरे देश भर में माइनॉरिटी विश्वविद्यालय खोलने की घोषणा की है। हमारे मुम्बई शहर में, खासकर, जो मालवणी परिसर है, जहां पर 75 प्रतिशत मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं, वहां की लड़कियों के पढ़ने के लिए वहां एक भी कॉलेज नहीं है। इसका परिणाम यह होता है कि बच्चियां दसवीं कक्षा के बाद स्कूल जाते ही नहीं हैं। मेरी सोच है कि अगर बच्चियां पढ़ेंगी तो उनसे शादी करने वाले लड़के भी उनसे ज्यादा पढ़ेंगे। इससे देश की जो ये सारी समस्याएं हैं, वे खत्म हो जाएंगी। मलाड में इसके लिए 40 सालों से एक ज़गह रिज़र्व है, लेकिन न तो केन्द्र की सरकार और न ही राज्य की सरकार इसके लिए कोई पहल करती है। मैं मांग करता हूं कि आने वाले दिनों में बहुत जल्दी यहां पर एक विश्वविद्यालय खोला जाए।

केन्द्र सरकार की जो योजना है, जिसके लिए नक़वी जी बड़े पैमाने पर काम कर रहे हैं, यह विश्वविद्यालय यहां पर खुलने से माइनॉरिटी समाज के बच्चों को इससे लाभ मिलेगा।

अध्यक्षा जी, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

डॉ. मनोज राजोरिया एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल  को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।